तापमान

अधिकतम 28 डिग्री

न्यूनतम 14 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 19 नवंबर 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



10 राष्ट्रभक्ति और विकास का संदेश लेकर निकली पदयात्रा, उमड़ा...





11 छग के किसानों के बैंक खातों में आएगी 494 करोड़ से अधिक...




## खबर संक्षेप

### गांजा पीते युवक पकड़ाया



**धमतरी।** नशा उन्मूलन अभियान के तहत पुलिस ने सार्वजनिक स्थल पर गांजा पी रहे एक युवक पर कार्रवाई की है। पुलिस को मुखबिर से ग्राम कोलियारी मोड़ भखारा स्थित सार्वजनिक स्थान पर एक युवक द्वारा अवैध रूप से गांजा पीने की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची जहां आरोपी मुकेश ठाकुर पिता कौशल ग्राम खुटेरी थाना मगरलोड निवासी कोलियारी मोड़ के पास सार्वजनिक स्थल पर खुलेआम गांजा का सेवन कर रहा था। पुलिस ने युवक को रंगेहाथ पकड़ उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट धारा 27 के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से 15 ग्राम गांजा, चिलम सहित अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी मुकेश ठाकुर को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### ढाबा में चोरी, शटर को सब्बल से मोड़ घुसे चोर

**कुरुद।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने आम नागरिकों और व्यापारियों में दहशत का माहौल बना दिया है। सोमवार की रात कुरूद बस स्टैंड स्थित देवेंद्र ढाबा में चोरी हुई। अज्ञात चोरों ने शटर को सब्बल से मोड़कर बड़ी वारदात को अंजाम दिया। ढाबा संचालक के अनुसार लगभग 40 हजार रुपये की चोरी हुई है। गौरतलब है कि 5 दिन पहले कमला मेडिकल, अमित प्रोजिजन, पदनाप ट्रेडर्स में भी चोरी की घटना सामने आई थी, लेकिन अब तक किसी भी मामले में पुलिस को ठोस सफलता नहीं मिल पाई है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने कुरूद पुलिस के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

25 नवंबर को टोकन जारी करने में त्रुटि, सभी को निरस्त करने की तैयारी

# लिमिट से 15 गुना अधिक धान का टोकन, प्रभारी और किसान परेशान

**केस 1**

कंडेल धान खरीदी केंद्र में 25 नवंबर के लिए 30 हजार क्विंटल धान खरीदने का टोकन काट दिया गया है। इसे लेकर प्रभारी प्रबंधक से लेकर किसान परेशान हैं। एक दिन में इतनी बड़ी मात्रा में धान खरीदी संभव नहीं है। धान की यह मात्रा खरीदी केंद्र के रोजाना खरीदी लिमिट से 15 गुना से ज्यादा है।

**केस 2**

कुर्रा धान खरीदी केंद्र में 25 नवंबर के लिए 461 किसानों का 21 हजार 596.80 क्विंटल धान खरीदी का टोकन कट गया है। यहां धान खरीदी की लिमिट प्रतिदिन 1500 क्विंटल है। यही स्थिति जुगदेही धान खरीदी केंद्र की है, जहां 6 हजार क्विंटल धान खरीदी के लिए टोकन काटा गया है।



#### इन केंद्रों में हद से ज्यादा टोकन

जिले के 8 खरीदी केंद्रों में अधिक मात्रा में धान टोकन काट दिया गया है। इनमें लोहरसी, खरेंगा, अछोटा, कंडेल, संबलपुर, नगरी, बगदेही, कुर्रा खरीदी केंद्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कुछ और खरीदी केंद्र हैं, जहां पर लिमिट से ज्यादा मात्रा में धान खरीदी के लिए टोकन जारी हो गया है, लेकिन यहां पर धान की मात्रा इतनी ज्यादा नहीं है।

#### प्रभारी पहुंची कर्मचारी रहे गायब

बोड़रा-पुरी धान खरीदी केंद्र में प्रभारी अधिकारी समय पर पहुंच गई थी लेकिन बाकी अधिकारी नहीं पहुंचे थे, जिसके चलते धान खरीदी प्रभावित रही। किसान यहां धान बेचने के लिए पहुंच गए थे लेकिन कर्मचारी नहीं होने के कारण प्रभारी भी धान खरीदी शुरू नहीं कर पाई। उधर धान खरीदी शुरू नहीं होने से किसान आक्रोशित हो गए। उन्होंने जमकर नारेबाजी भी की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

साफ्टवेयर में समस्या के चलते 25 नवंबर को टोकन काटने में बड़ी त्रुटि हो गई है। इस दिन के लिए टोकन तुंहर एप के माध्यम से 8 खरीदी केंद्रों में लिमिट से कई गुना ज्यादा धान का टोकन कट गया है। धान की मात्रा इतनी है कि 10 दिन में भी इतनी धान की खरीदी संभव नहीं है। अब इस दिन के सभी टोकन को निरस्त कर फिर से टोकन काटने की तैयारी चल रही है।

गाइडलाइन के अनुसार धान खरीदी केंद्रों में 70 प्रतिशत ऑनलाइन और 30 प्रतिशत ऑफलाइन टोकन काटा जाना है। उधर धान खरीदी केंद्रों के कर्मचारी हड़ताल पर हैं। खरीदी केंद्र प्रभारियों के भरोसे चल रहे हैं, जिसके चलते ऑफलाइन टोकन नहीं काटा जा रहा है। किसान ऑनलाइन ही टोकन कटवाकर धान बेच रहे हैं। ऑनलाइन में एक सप्ताह के आगे तक का टोकन दिया जा रहा है। हर रोज एक दिन के लिए टोकन के लिए आप्शन खोला जा रहा है। दो दिन पहले इस एप को बड़ी गड़बड़ी कर दी। समितियों में प्रतिदिन एक निर्धारित सीमा में धान की खरीदी की जाती है, जब एप को खोला गया तो इस सीमा का ध्यान नहीं रखा गया, जिसके चलते लिमिट से कई गुना ज्यादा का टोकन कट गया। एप को खुला देखकर किसान एक के बाद एक टोकन कटवाते गए। अब यह त्रुटि जब किसानों और धान खरीदी के प्रभारियों की जानकारी में आई तो उनके होश उड़ गए। एक ही दिन में इतनी बड़ी मात्रा में धान खरीदी संभव नहीं है। इसे लेकर खरीदी केंद्रों में मंथन का दौर जारी है। जानकारी के अनुसार इन दिन के सभी टोकन को निरस्त करने की तैयारी चल रही है। 25 नवंबर के लिए नए सिरे से टोकन जारी किया जाना है।

# केंद्रीय कृषि मंत्री देंगे किसानों को सम्मान निधि की सौगात

- धमतरी में राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम, जुटेगा पूरा मंत्रिमंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शिवराज सिंह चौहान



विष्णुदेव साय

केंद्रीय कृषि मंत्री आज मंच से किसानों को सम्मान निधि हस्तांतरित करेंगे। इसके लिए धमतरी में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। डॉ शोभाराम देवांगन स्कूल के खेल मैदान में इस कार्यक्रम की पूरी तैयारी हो चुकी है।

आज धमतरी जिला सहित पूरे प्रदेश के किसानों को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान किसान सम्मान निधि की सौगात देंगे। डॉ शोभाराम देवांगन स्कूल के खेल मैदान में दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरूण साव होंगे। विशिष्ट अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा, रामविचार नेताम, केदार कश्यप, दयालदास बघेल, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, ओपी चौधरी, श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, गजेंद्र यादव, गुरु खुशवंत साहेब, राजेश अग्रवाल, सांसद महासमुंद रूपकुमारी चौधरी, सांसद कांकेर भोजराज नाग, कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, धमतरी विधायक ओंकार साहू, महापौर रामू रोहरा, जिपं अध्यक्ष अरूण सार्वा, पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू राम निषाद, औषधि बोर्ड अध्यक्ष विकास मरकाम होंगे।

#### मीसाबंदी करेंगे केंद्रीय कृषि मंत्री का सम्मान



अविभाजित मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में 1975 से 1977 तक आपातकाल का दौर चला। इस आपातकाल के विरोध में भाजपा सहित अन्य विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। इसमें धमतरी के 12 मीसाबंदी भी शामिल थे। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश से वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मीसाबंदियों में शामिल थे। धमतरी आगमन पर श्री चौहान का धमतरी मीसाबंदी संघ के प्रमुख शिरोमणी राव घोरपड़े के नेतृत्व में स्वागत व सम्मान किया जायेगा।

# तालाब में डूबने से चार साल के मासूम की मौत

- साइकिल सवार होकर घर से निकला था प्रिंसकुमार जो लौटकर नहीं आया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

भखारा थाना क्षेत्र में एक हृदय विदारक घटना घटित हुई है। एक चार साल के मासूम बालक की तालाब में डूबने से मौत हो गई है। मासूम अपने घर से साइकिल चलाते अपनी मां के साथ निकला था जो लौटकर नहीं आया। देर शाम तक गांव के अलावा आसपास के गांवों में पतासाजी की गई लेकिन बालक का शव गांव के ही तालाब में दिखाई पड़ा।



मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सौराबांधा में सोमवार की शाम करीब 5 बजे के आसपास चार वर्षीय बालक प्रिंसकुमार पिता जयप्रकाश ध्रुव की तालाब में डूबने से मौत हो गई है। पड़ोसियों की माने तो मृतक की मां शाम को स्कूल के पास तालाब पार में बने सार्वजनिक शौचालय में शौच के लिए निकली थी तभी उनका बेटा प्रिंस भी अपनी छोटी साइकिल में सवार होकर अपनी मां के साथ निकला था। मां शौच के बाद बेटे को नहीं देखी तो साइकिल चलाते कहीं चला गया होगा सोचकर घर वापस लौट गई। देर शाम तक जब बच्चे का पता नहीं चला तो परिजनों ने छानबीन शुरू की।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया। पुलिस आगे की जांच में जुट गई है। फिलहाल लोगों के मन में यह सवाल उठ रहा है कि बालक तालाब में क्यों उतरा था। क्या उनके साथ और भी कोई था या खुद तालाब में हाथ पैर धोने के दौरान हादसे का शिकार हो गया। बहरहाल मासूम की मौत की खबर से गांव में मातम छाया हुआ है।

#### आसपास के गांवों में भी की गई पतासाजी

चूंकि बालक साइकिल सवार होकर घर से निकला था तो परिजनों ने साइकिल चलाते प्रिंस को कहीं अन्य गांव न चले जाने की आशंका में आसपास के गांवों में भी पतासाजी की। देर तक कोई खोज खबर नहीं मिलने पर ग्रामीणों की मदद से फिर स्कूल के पास लगे तालाब की निगरानी की गई। आशंका होने पर टार्च की मदद से तालाब में खोजबीन की गई तो बालक प्रिंस का शव तालाब में ही तैरता नजर आया। बाहर निकालकर ग्राम कोटवार के माध्यम से पुलिस को सूचना दी गई।

### दंतेश्वरी मंदिर में आज से श्रीमद् भागवत कथा





**धमतरी।** दंतेश्वरी मंदिर के प्रांगण में 19 नवंबर से श्रीमद् भागवत कथा एवं रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक आचार्य रत्नेश्वरानंद महाराज, दीदी पूर्वी श्रीधाम वृंदावन होंगे। 19 नवंबर को मंदिर प्रांगण से सुबह 10 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी जो भ्रमण करते हुए वापस मंदिर प्रांगण में समाप्त होगी। कथा दोपहर 2 से 4 बजे तक होगी।

# गिरहोलाडीह में ग्रामीणों ने की सहायक शिक्षक की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



मगरलोड ब्लाक के ग्राम पंचायत खड़मा के आश्रित गांव गिरहोलाडीह में सहायक शिक्षक की मांग की गई है। खड़मा सरपंच नंदकुमार सहित कलेक्टोरेट पहुंचे पालकगणों ने मंगलवार को कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि प्राथमिक शाला गिरहोलाडीह एकल शिक्षक स्कूल है। यहां सिर्फ प्रधानपाठक पदस्थ हैं जो कार्यालय कार्य के कारण बच्चों को पढ़ाई में समय कम दे पाते हैं। प्रधानपाठक का रिटायरमेंट कुछ माह बचा है। सहायक शिक्षक नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। बच्चों को सुचारू रूप से पढ़ाने शिक्षक पदस्थ करने की मांग की है।

# प्रसव पीड़ा बढ़ने से एंबुलेंस में हुई महिला की डिलीवरी



#### जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्रसव के लिये अस्पताल लाते समय रास्ते में अचानक तेज पीड़ा शुरू हो जाने से संजीवनी 108 के कर्मियों ने रास्ते में ही महिला की एंबुलेंस में सुरक्षित डिलीवरी कराई। जच्चा-बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं।

आपातकालीन स्थिति में मरीजों को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाने में सेवा दे रही संजीवनी 108 एम्बुलेंस यादव दंपति के लिये वरदान साबित हुई है। नगरी ब्लाक के ग्राम उमरिया निवासी पूर्णिमा यादव पति विनोद उम्र 22 वर्ष पहली संतान के बाद दूसरी बार गर्भवती हुई। गर्भाधारण का समय पूरा हो जाने के बाद सोमवार की सुबह महिला को हल्की प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। महिला को डिलीवरी के लिये नगरी अस्पताल ले जाने परिजनों ने संजीवनी 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। नगरी लोकेशन की संजीवनी 108 की टीम के ईएमटी नरसिंग पटेल व पायलट तेजसिंह तत्काल लोकेशन ग्राम उमरिया पहुंचे। गांव की मितानिन छबीला बती व परिजनों के साथ गर्भवती महिला पूर्णिमा यादव को एम्बुलेंस नगरी अस्पताल ले जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम परसापानी के जंगल से गुजरते समय रास्ते में महिला की प्रसव पीड़ा अचानक बढ़ गई। जबकि परसापानी से नगरी अस्पताल अभी 15 किलोमीटर दूर था। महिला की स्थिति को देखते हुए 108 की टीम ने एम्बुलेंस में ही डिलीवरी कराने का निर्णय लिया। एम्बुलेंस को जंगल के बीच रास्ते में ही रोककर मितानिन की मदद से महिला की सुरक्षित डिलीवरी कराई गई। महिला ने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। क्रिटिकल स्थिति के बाद संजीवनी कर्मी अपने प्रशिक्षण के अनुभव से महिला की सुरक्षित डिलीवरी कराने में सफल रहे। सफलतापूर्वक प्रसव कराने के बाद जच्चा व बच्चा को नगरी सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया गया। डाक्टरों ने चेकअप के बाद जच्चा व बच्चा को पूरी तरह से स्वस्थ बताया। परिजनों ने संजीवनी 108 एम्बुलेंस के प्रति आभार व्यक्त कर खुशी जताई है।

# मुरूमडीह में नल जल योजना का बुरा हाल

- पानी के लिए भटक रहे ग्रामीण, बोर खनन की मांग

**धमतरी।** ग्राम पंचायत सोनझरी के आश्रित ग्राम मुरूमडीह में नल जल योजना का बुरा हाल है। योजना के आधा अधूरा रहने से ग्रामीणों को पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। नल जल योजना का कार्य पूर्ण करने के अलावा हैंडपंप के लिए बोर खनन की मांग की गई है।

ग्राम पंचायत सोनझरी के सरपंच श्री यादव ने बताया कि मुरुमडीह में नल जल योजना के अंतर्गत मुख्य पाइपलाइन का विस्तार नहीं किया गया है। घरों में नल जल कनेक्शन का कार्य भी अधूरा है जिसके कारण लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रहा है। गर्मी के दिनों में लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ता है। सरपंच ने पाइपलाइन का विस्तार कर नल कनेक्शन कार्य पूर्ण करने की मांग की है। सोनझरी सरपंच ने एक अन्य मांग में कहा कि गर्मी में पेयजल के लिए लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। मई तथा जून माह में पेयजल की समस्या को लेकर कलेक्टर जनदर्शन में तीन बार आवेदन दे चुके हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। मुरूमडीह में हैंडपंप बोर खनन की अति आवश्यकता है। शीघ्र बोर खनन की स्वीकृति प्रदान करने की मांग कलेक्टर से की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जगदेवराम, सोनऊराम, किसुन आदि मौजूद थे।






सिंगपुर क्षेत्र के 14 वन ग्रामों का गिरदावरी लंबित

# तुंहर टोकन के बाद अब गिरदावरी में लफड़ा

- किसान संघर्ष संघ ने भौतिक सत्यापन सुधारने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




वन ग्रामों में गिरदावरी भौतिक सत्यापन लंबित होने से सिंगपुर वनांचल के 2000 किसान टेंशन में आ गए हैं। मंगलवार को किसान संघर्ष संघ दक्षिण मगरलोड सिंगपुर क्षेत्र ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है, जिसमें वनग्रामों के लंबित गिरदावरी को शीघ्र सुधारने की मांग की है।

गिरदावरी एक सरकारी रिकार्ड है, जिसमें यह दर्ज किया जाता है कि किसान ने अपनी जमीन के किस हिस्से में कौन सी फसल बोई है। यह फसल का उपस्थिति पत्रक है जो पटवारी या राजस्व अधिकारी द्वारा तैयार किया जाता है, जिसमें फसल का प्रकार, क्षेत्रफल और सिंचाई जैसे विवरण शामिल होते हैं। यह किसानों के लिए प्राकृतिक आपदा के कारण हुए नुकसान का मुआवजा पाने, सब्सिडी के लिए आवेदन या फसल बीमा लाभ उठाने के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है।

किसान संघर्ष संघ के अध्यक्ष रामायण सिन्हा ने बताया कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिंगपुर में 14 वन ग्राम है जिसके अंतर्गत 2000 किसान हैं। वन ग्रामों का गिरदावरी भौतिक सत्यापन लंबित बता रहा है। वनग्राम मुरूमडीह पंचायत सोनझरी के कई किसानों का रकबा जीरो प्रतिशत तथा कई किसानों का 50 प्रतिशत से कम दिखा रहा है। गिरदावरी लंबित बताने से समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए टोकन नहीं कट पा रहा है।

कलेक्टोरेट पहुंचे किसान लीलेश यादव, रामचरण, शिवनारायण सहित दर्जन भर किसानों ने बताया कि उन्होंने समिति से कर्ज लेकर धान की फसल ली है। अब फसल बेचने को लेकर चिंता में है। ग्राम मुरूमडीह सहित वन ग्रामों के लंबित भौतिक सत्यापन को सुधारने की मांग कलेक्टर से की है। अपर कलेक्टर ने एक सप्ताह में भौतिक सत्यापन सुधार करने का आश्वासन दिया है।

## खबर संक्षेप

### डोमा में कोसमर्रा स्कूल का रासेयो शिविर 21 से

**कोर्रा-भखारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर डोमा में 21 से 27 नवंबर तक सतत भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना एवं नशामुक्त समाज के लिए युवा थीम पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ गुंजन साहू सरपंच डोमा करेंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी करेंगे। अध्यक्षता बालकृष्ण साहू प्राचार्य करेंगे। जिला संगठक निरंजन साहू, प्राचार्य बालकृष्ण साहू एवं कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर के दिशा-निर्देश में रासेयो छात्र रचनात्मक कार्य करेंगे। 25 नवम्बर को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, 26 नवम्बर को सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। यह जानकारी कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर ने दी।

### डुमरपानी को राष्ट्रीय जल पुरस्कार में तृतीय स्थान से किया सम्मानित

**कांकेर।** जल शक्ति मंत्रालय द्वारा आयोजित 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 समारोह में जिले के विकासखंड नरहरपुर स्थित डुमरपानी ग्राम पंचायत को सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत श्रेणी में तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। समारोह का आयोजन 18 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में हुआ, जहाँ केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने यह सम्मान प्रदान किया। ग्राम पंचायत की ओर से सरपंच कंसराम नेताम और कार्यक्रम अधिकारी राहुल तारक ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रहण किया। डुमरपानी ग्राम पंचायत को यह सम्मान जल संरक्षण और प्रबंधन में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए मिला है। ग्राम पंचायत ने मनरेगा और अन्य योजनाओं के सहयोग से कुल 153 भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने के लिए संरचनाओं का निर्माण किया गया है।

## निधन

### महेश सोनी



**धमतरी।** स्थानीय ब्राम्हणपारा निवासी महेश सोनी पिता स्व. टीकम सोनी का निधन हो गया। अंतिम यात्रा निवास स्थान ब्राम्हणपारा धमतरी से प्रातः 11 बजे शांति घाट के लिए निकली। वे छबिन्द्र सोनी के पिता एवं डाली सोनी के ससुर थे। उनके निधन पर स्वर्णकार समाज धमतरी एवं मगरलोड ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### शांति नेताम



**धमतरी।** गोकुलपुर वार्ड निवासी शांति नेताम (80 वर्ष) का निधन 18 नवंबर को हो गया। वह विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धमतरी में पदस्थ मुख्य लिपिक चन्द्रप्रकाश नेताम एवं चंद्रशेखर नेताम की माता थीं। अंतिम संस्कार रूद्रेश्वर घाट रूद्री में किया गया। कार्यक्रम में सामाजिकजन, विभागीय कर्मचारी एवं नागरिक सम्मिलित होकर दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### लीलांबर शेष



**नगरी।** ग्राम पंचायत उमरगांव के ग्राम पटेल लीलांबर शेष का आकस्मिक निधन हो गया। वे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। वे कैलाश शेष, भगवान, कोमल, कृष्णा शेष के पिता थे। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में स्वजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

### शैलेन्द्र पटवा



**धमतरी।** रायपुर महावीर नगर निवासी शैलेन्द्र पटवा (43 वर्ष) का मंगलवार को निधन हो गया। वे धमतरी पटवारी दीपमाला पटवा के पति व ईश्वरी पटवा, भूपेंद्र पटवा, जयंत पटवा, संदीप पटवा के दामाद थे। अंतिम यात्रा गृह निवास रायपुर से निकली, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

---

महामाया मंदिर से शुरू हुआ यूनिटी मार्च, आत्मनिर्भर भारत पदयात्रा को सांसद भोजराज ने दिखाई हरी झंडी

# राष्ट्रभक्ति और विकास का संदेश लेकर निकली पदयात्रा, उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी







सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित लोकसभा यूनिटी मार्च-एक भारत, आत्मनिर्भर भारत पदयात्रा का शुभारंभ महामाई मंदिर में मां महामाया की विशेष पूजा-अर्चना से हुआ। पूजा के बाद विशाल पदयात्रा मंगलवार को फरसियां स्थित महामाई मंदिर से प्रारंभ होकर गोरेगांव, अमाली, संबलपुर, छिपली नगरी के बजरंग चौक में सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम में कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, पूर्व विधायक पिंकी शाह, जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव,जनपद सभापति प्रेमलता नागवंशी, जिला मंत्री दिनेश्वरी नेताम, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, नगर उपाध्यक्ष विकास बोहरा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमल डागा, पार्षद राजा पवार, जनपद सदस्य शुभम यदू, अजय नाहटा,मंडल महामंत्री सुलोचना साहू, रूपेंद्र साहू,महामंत्री दीपक साहू, सरपंच नागेंद्र बोर्झा, सरपंच गोरेगांव कन्हैया नाग, सरंपच समरथ, मोनू साहू, लोकेश्वर पटेल, जनपद सदस्य राजू गोसाई, मंडल उपाध्यक्ष गुरूप्रसाद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, उपसरपंच जीवन यादव, अरूण नेताम, भोजराज, दीनदयाल सेन उपस्थित रहे। पदयात्रा में एसडीएम प्रीति दुर्गम, जनपद पंचायत सीईओ रोहित बोझा, एसडीओ विपिन रंगारी, पीईएच ठाकुर, विद्युत विभाग के अधिकारी बिसेन, पटवारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल हुए। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसियां में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में प्राचार्य नीरज सोन, व्याख्याता निरुपमा श्रीमाली, किरण श्रीमाली, लोमश पटेल, यशपाल साहू, प्रेमलाल ध्रुव, अरविंद सोम, रेणु सोम, अंजना लावत्रे, ऋषिकेश साहू, देवयानी सोम, शिल्पा मानिकपुरी, पारुल बिसेन, त्रिवेणी सूर्यवंशी, गीतिका निषाद, आरती निषाद, नीलम साहू, टिकेश साहू, भरत चनाप सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं ग्रामीणों ने पदयात्रा दल का स्वागत किया। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ महतारी वंदन सहित मनमोहक गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद सांसद भोजराज नाग ने हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। इस दौरान सरपंच केशव टेकाम, उपसरपंच शिवदयाल साहू, त्रिलोक साहू, चंद्रिका प्रसाद साहू, अरुण प्रजापति, सुदर्शन चनाप, भीमसेन गजेन्द्र, प्रदीप सोन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस अवसर पर सांसद भोजराज नाग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक विश्व गुरु बनाने का संकल्प लिया है। इसे साकार करने के लिए हमें आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का समर्पित रूप से निर्वहन करना होगा। जब हर नागरिक आगे बढ़ेगा, तभी राष्ट्र प्रगति करेगा।

# नि:स्वार्थ भाव से मनुष्य को कर्म करना चाहिए : पं. संतोष

- जीजामगांव में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव



जीजामगांव में मलघाटी परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ सप्ताह के अंतिम दिवस कथावाचक पं. संतोष मिश्रा ने गीता सार के 18 अध्याय के बारे में बताते हुए कहा कि सांसारिक मोह माया के कारण मनुष्य अपने कर्तव्य से विमुख हो जाता है। शरीर नाशवान है लेकिन आत्मा अमर है। चौथे अध्याय में बताया गया है कि निःस्वार्थ भाव से मनुष्य को कर्म करना चाहिए। मनुष्य को अनुकूल परिस्थितियों में जीवन जीना चाहिए, क्योंकि सुख और दुख आते रहते हैं। उन्होंने आठवें अध्याय में बताया कि मरने के समय मनुष्य जो भाव सुमरन करेगा, उसी भाव को प्राप्त करेगा। सभी मनुष्य भागवत प्राप्ति के अधिकारी हैं।

दसवें अध्याय में बताया गया कि संसार में जहां सुंदरता, विलक्षणता दिखे, उसे भगवान का स्वरूप मानकर स्वीकार करना चाहिए। जो व्यक्ति शरीर के इंद्रीय, मन, बुद्धि को भगवान को अर्पण कर देता है, वही भगवान को प्रिय होता है। संसार का मूल आधार परमात्मा है। सोलहवें अध्याय में बताया गया कि दुर्गुण और दुराचार करने वाला मनुष्य 84 लाख योनियों में भटकता है इसलिए अधर्म और पाप के रास्ते पर नहीं चलना चाहिए। 18वें अध्याय के बारे में बताया गया कि गीता का सार ही भगवान है। गीता के बाद हवन यज्ञ हुआ। ग्रामीणों को प्रसाद का वितरण किया गया।

तीन नवंबर से समिति के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

# कर्मचारियों के आंदोलन के बाद भी धान खरीदी सुचारू हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



छत्तीसगढ़ सहकारी समिति के आव्हान पर तीन नवंबर से समस्त समिति के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे। छत्तीसगढ़ शासन ने 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी प्रारंभ की। कर्मचारियों के हड़ताल में चले जाने से शासन प्रशासन अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को जिम्मेदारी देकर धान खरीदी तय समय सीमा में प्रारंभ करने में सफल हो गया। धान खरीदी के प्रथम दिन 15 नवंबर को पूजा अर्चना कर धान खरीदी उत्सव मनाया गया। रविवार अवकाश होने के कारण खरीदी बंद रही।

सोमवार 17 नवंबर से धान खरीदी सुचारू रूप से संचालित होने रही है। सहकारी समिति मेघा के प्राधिकृत अधिकारी संतोष सोनी ने बताया 17 नवंबर को मेघा समिति ने 800 क्विंटल धान की खरीदी की। 18 नवंबर को 1000 क्विंटल धान की खरीदी की गई। प्रबंधक सहित कर्मचारी के हड़ताल पर चले जाने के बाद भी प्रशासन के मार्गदर्शन में धान खरीदी व्यवस्थित तरीके से की जा रही है। इसमें किसानों का सहयोग भी मिल रहा है। सहकारी समिति मोहंदी के प्राधिकृत अधिकारी जनक साहू ने बताया कि प्रथम दिन 15 नवंबर को पूजा अर्चना कर धान खरीदी शुरू की गई ।17 नवंबर को 896 क्विंटल धान खरीदा गया। । 18 नवंबर को 743 क्विंटल धान की खरीदी हुई। समर्थन मूल्य पर मोटा धान 2369 रुपए एवं पतला धान को 2389 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों को 3100 प्रति क्विंटल दर से देने की घोषणा की है। अंतर राशि धान खरीदी के बाद एकमुश्त किसानों को दी जाती है।

# सिर्री आईटीआई में हुई नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम पर संगोष्ठी





हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

- नशा अपराध को जन्म देता है : डॉ. मनोज

कुरूद ब्लाक के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिर्री में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत एक सगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का महत्वपूर्ण उद्देश्य ग्रामीण सामाजिक परिवेश में मादक पदार्थ एवं नशीले पदार्थ से दूर रहने के मुद्दे की ओर लोगों में जागरूकता लाना है। शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा आयोजित नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम में आईटीआई सिर्री के भानुप्रताप पाल प्राचार्य एवं अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार साहू, उदयकुमार सचिव एवं स्वास्थ्य स्टाफ की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर कुमारी दुर्गेश ठाकुर प्रबंधक नशामुक्ति केंद्र ने कहा कि नशामुक्ति केंद्र में नशा से पीड़ित व्यक्तियों को निःशुल्क उपचार की सुविधा होती है। मनोवैज्ञानिक तरीके से योग्य अभ्यास मेडिटेशन एवं व्यायाम के माध्यम से इलाज किया जाता है। उदयकुमार साहू ने बताया कि नशे से पीड़ित व्यक्तियों को शारीरिक, सामाजिक, पारिवारिक, मानसिक एवं आर्थिक समस्या से गुजरना पड़ता है। नशा करने वाले व्यक्ति का पतन हो जाता है। शांति मंत्र संस्थान के अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार साहू ने कहा कि नशे से शारीरिक नुकसान होता है। लिवर, किडनी, फेफड़े डैमेज समेत अनेक समस्याओं से जूझना पड़ता है। दुर्घटना अपराध में वृद्धि हो रही है। इसकी रोकथाम के लिए समाज में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम की आवश्यकता है। कार्यक्रम को कुमारी प्रिया ठाकुर, कुमारी अमीन यादव सामाजिक कार्यकर्ता ने भी संबोधित किया। छात्र छात्राओं ने अपनी जिज्ञासा के आधार पर प्रश्न किए। छात्र-छात्राओं द्वारा चित्रकला का प्रदर्शन करते हुए रंगोली भी बनाई गई। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में लगभग 77 बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में भानुप्रताप प्राचार्य, उमेश साहू, गीता मंडावी, निलेश भूरिया, प्रिया ठाकुर, टोमेंद्र ठाकुर, मेघराज साहू सहित स्टाफ की उपस्थिति रही। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 300 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 200 रुपए एवं तृतीय पुरस्कार 100 रुपए दिए गए। कार्यक्रम का संचालन उमेश साहू व आभार प्रदर्शन प्राचार्य भानुप्रताप ने किया।

# राज्य सरकार किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है : नेहरू

- प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कुरमातराई में धान खरीदी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)



प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कुरमातराई में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का शुभारंभ छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद ने किया। अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दमयंती केशव साहू ने की।

मुख्य अतिथि नेहरू निषाद ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी का यह पर्व हमारे अन्नदाताओं के परिश्रम और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के संकल्प का प्रतीक है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि हर किसान को उसके कठिन परिश्रम का उचित मूल्य मिले। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और किसानों का जीवन स्तर बेहतर होगा। श्रीमती दमयंती साहू ने कहा कि धान खरीदी का यह अभियान किसानों के लिए उत्साह और आश्वासन लेकर आता है। हमारे अन्नदाता वर्षभर परिश्रम करते हैं और उन्हें उनकी उपज का समर्थन मूल्य मिलना उनके सम्मान और हक की बात है। उन्होंने समिति के कर्मचारियों और किसानों से धान खरीदी में सहयोग और अनुशासन बनाए रखने की अपील की। आभार प्रदर्शन प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कुरमातराई के अध्यक्ष दूजराम सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे। धान बेचने आए किसानों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।

कार्य को गंभीरता से लें सभी नेता व कार्यकर्ता : वर्मा

# कांग्रेस ने बीएलए को दिया एसआईआर का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद





छत्तीसगढ़ में चल रहे एसआईआर के नियम, शर्तों को समझाने व बेहतर तरीके से कार्य करने के लिए पार्टी द्वारा नियुक्त बीएलए को प्रशिक्षण देने कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय प्रमुख प्रशिक्षकर्ता विनोद वर्मा ने प्रोजेक्टर व अपने उद्बोधन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव व एसआईआर लोकसभा समन्वयक तारिणी नीलम चन्द्राकार, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा, मगरलोड ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष डीहूराम साहू ने पार्टी द्वारा नियुक्त बीएलए, जोन अध्यक्ष, सेक्टर, वरिष्ठ कांग्रेसी व जनप्रतिनिधियों से अपील की थी। मास्टर ट्रेनर श्री वर्मा ने एसआईआर की समस्त बारीकियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी कार्यकर्ता व नेताओं को बहुत गंभीरता से लेते हुए कार्य करने अपने बीएलए व प्रशासन को पूरा सहयोग करने की बात कही। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर ने भी संबोधित किया। इस दौरान धमतरी विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक लेखराम साहू, सुश्री राजकुमारी दीवान, रमेश्रर साहू, रवि शर्मा, पुरानिक साहू, कांशीराम कंवर, हेमंत नवरंगे, चंद्रहास साहू, नरेन्द्र सोनवानी, आकाश गोलछा, देवव्रत साहू, प्रमोद साहू, मनीष साहू, रजत चन्द्राकर, उत्तम साहू, अर्जुन ध्रुव, महिम शुक्ला, पप्पू राजपूत, होमेन्द्र साहू, तुलसीराम साहू, रविन्द्र साहू, भानुप्रताप बैस, बिसौहा साहू, गोपी किशन साहू, पन्नु सिन्हा, सुरेश साहू, अशोक साहू, नीलकंठ साहू सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।

# सशिमं करगा में बाल मेला लगा, खेलकूद भी हुए



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव



सरस्वती शिशु मंदिर करगा में छात्रों द्वारा बाल मेला का आयोजन किया गया। बाल मेला का शुभारंभ पंडित जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र की पूजा-अर्चना से हुआ। बच्चों के लिए खेलकूद हुआ। विजेता बच्चों को विद्यालय परिवार की ओर से पुरस्कृत किया गया। शाला के बच्चों द्वारा मैगी बेल, इडली, नड्डा रोल ,पास्ता, अमरुद ,पकौड़ा, ढोकला , सलाद की दुकानें लगाई गई थीं। इस दौरान बाल समिति के संयोजक रूपचंद साहू, अध्यक्ष डॉ देवेंद्र साहू, प्रधानाचार्य श्रीमती महेश्वरी साहू समेत शिक्षकगण और पालकगण मौजूद थे।

## अंचल की खबरें

### छत्तीसगढ़ी कला को मिला बड़ा मंच



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ की माटी, महक और हुनर को राष्ट्रीय पहचान दिलाने के उद्देश्य से आयोजित हुनरबाज ऑडिशन का तीसरा चरण धमतरी में उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत शहर के प्रथम नागरिक महापौर रामू रोहरा, डीपीएस स्कूल के प्रिंसिपल श्री वर्मा, श्री बाजपेयी तथा देवेंद्र कुमार ने किया। मंच पर लोकनृत्य, फ्यूज़न और आधुनिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महापौर रोहरा ने कहा कि पहली बार छत्तीसगढ़ की कला को इतना विशाल मंच मिल रहा है, जो पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। ऐसे आयोजन युवा कलाकारों को प्रोत्साहित कर छत्तीसगढ़ी संस्कृति को नई पहचान दिलाते हैं। धमतरी के अलावा जांजगीर, रायगढ़, कवर्धा, बालोद, कोरबा, गरियाबंद और बस्तर से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। चयनित प्रतिभागियों का प्रदर्शन अब टीवी पर प्रसारित होगा, जिससे उन्हें पूरे प्रदेश के सामने अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

### खरतुली स्कूल के बच्चों को दिया स्वेटर



**धमतरी।** व्याख्याता परविंदर कौर गिल और गीतांजलि साहू ने शासकीय प्राथमिक शाला खरतुली के छात्रों को स्वेटर का वितरण किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि जिला शिक्षा अधिकारी अभय कुमार जायसवाल थे।अध्यक्षता भारतराम साहू अध्यक्ष शाला प्रबन्धन समिति ने की। विशिष्ट अतिथि देवेश सूर्यवंशी सहायक संचालक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय धमतरी, लीलाधर चौधरी विकासखंड शिक्षा अधिकारी धमतरी, ललित सिन्हा बीआरसी धमतरी, सुरेश सिन्हा उपसरपंच खरतुली, लक्ष्मीनारायण साहू संकुल समन्वयक खरतुली, केशव साहू प्रधानपाठक माध्यमिक शाला खरतुली थे। सरस्वती वंदना डालिमा, गीतांजलि, जान्हवी ने प्रस्तुत की। अतिथियों ने विद्यालय में चल रहे नवाचार, सामुदायिक सहभागिता की प्रशंसा की। लालिमा, रश्मि, जान्हवी, दुलेश्वरी, डालिमा, भूमिका ने नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा रश्मि साहू, जान्हवी व आभार प्रदर्शन प्रधानपाठक दीनबन्धु सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में शिक्षिका राजेश्वरी ठाकुर, तारकेश्वरी सोनबेर, रसोईया लता यादव, ओमेश्वरी मेश्राम, तुलसी उइके का योगदान रहा।

### धौराभाठा स्कूल में एफएलएन मेला आयोजित



**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला धौराभाठा में एफएलएन मेला का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को रोचक एवं व्यवहारिक गतिविधियों के माध्यम से मजबूत करने के साथ ही सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को खेल एवं गतिविधियों के माध्यम से आनंददायक बनाकर बच्चों को अभिव्यक्ति कौशल, संक्रिया, पठन सहित अन्य कौशलों में दक्ष करना है। करके देखबो, सीख के रहिबो थीम पर मेले में भाषा, गणित एवं अंग्रेजी की विभिन्न गतिविधियां संचालित की गई। हेमलता रात्रे शिक्षिका ने बच्चों को न्योता भोजन में केला फल प्रदान किया। इस अवसर पर सरपंच त्रिलोचन साहू, एसएमसी अध्यक्ष चुनेश्वर साहू, दारासिंग ध्रुव, संकुल समन्वयक हेमंत सोनकर, ग्वालसिंग, धनंजय, ईश्वरी दयाल, मीरा, उषा, पार्वती, बसंत, लुकेश, कुंवर, दिलीप, प्रधानपाठक लीलाराम साहू, शिक्षक राकेश चंद्राकर, रोशन ध्रुव, तामेश्वर निषाद, हेमलता रात्रे उपस्थित थे।

### खरतुली स्कूल के स्वयंसेवक मुंबई में देंगे विज्ञान नाटक की प्रस्तुति



**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली के इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के स्वयंसेवकों ने जशपुर में आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी। इस शानदार उपलब्धि के आधार पर विद्यालय की विज्ञान नाटिका का चयन मुंबई स्थित नेहरू विज्ञान केंद्र में आयोजित होने वाली पश्चिम भारत राष्ट्रीय विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह नाटिका स्वच्छता और स्वास्थ्य विषय पर आधारित है, जिसमें लोगों की लापरवाही, गैर जिम्मेदाराना व्यवहार से फैलने वाली गंदगी, अस्वच्छता तथा उससे उत्पन्न होने वाले गंभीर दुष्परिणामों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। विज्ञान नाटिका का लेखन वंदना गोस्वामी तथा निर्देशन आकाश गिरी गोस्वामी ने किया। कलाकारों मायांशी साहू, वर्षा सिन्हा, मीनाक्षी धनकर, लोकेश साहू, थनेंद्र साहू, गगन विश्वकर्मा, दीपांशु साहू तथा लोकेंद्र साहू ने अपने-अपने किरदारों को अद्भुत अभिनय से जीवंत किया।

आज धमतरी में पीएम सम्मान निधि की 21 वीं किस्त का राज्यस्तरीय मुख्य समारोह

# छग के किसानों के बैंक खातों में आएगी 494 करोड़ से अधिक राशि

■ केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे किसान सम्मेलन को संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजनान्तर्गत प्रदेश के कृषकों को एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 नवम्बर को पीएम सम्मान निधि योजना की राष्ट्रव्यापी 21 वीं किस्त की राशि हस्तांतरण करेंगे। रिमोट का बटन दबाकर देश के पात्र किसानों को राशि जारी की जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश स्तरीय मुख्य समारोह धमतरी जिले में आयोजित किया गया है। इस किस्त के तहत छत्तीसगढ़ के 24 लाख 17 हजार 640 किसानों के खाते 494 करोड़ से अधिक की राशि उनके बैंक खाते में आएगी। वहीं धमतरी जिले की बात करें तो 96 हजार से अधिक किसानों के बैंक खाते में 19 करोड़ 21 लाख रूपये आएंगे। समारोह में मुख्य अतिथि केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल होंगे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल के मंत्री भी उपस्थित रहेंगे।

मुख्य अतिथियों व अतिथिगणों का कार्यक्रम स्थल पर आगमन दोपहर 12.30 बजे होगा। कार्यक्रम शहर के डॉ. शोभाराम देवांगन शासकीय स्कूल परिसर में होगा। मुख्य अतिथि शिवराज सिंह चौहान किसान सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। श्री चौहान छत्तीसगढ़ राज्य में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत 100 से अधिक आबादी वाले 780 बसाहटों को जोड़ने हेतु प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना 4-क के तहत 2242 करोड़ से अधिक की लागत से लगभग 2442 किलोमीटर की 774 सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास बटन दबाकर करेंगे। इस मौके पर प्रदेश स्तरीय वॉटरशेड महोत्सव का शुभारंभ एवं पूर्ण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी बटन दबाकर करेंगे। मुख्य अतिथि श्री चौहान विभिन्न क्षेत्रो में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हितग्राहियों को सम्मानित भी करेंगे। समारोह में कृषि से जुड़े विभागों द्वारा केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं आधारित स्टॉल भी लगाए जाएंगे। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिला अधिकारियों व कर्मचारियों की जवाबदेही तय कर दी हैं।

## एसआईआर अभियान को लेकर कांग्रेस ने अपनी रणनीति तेज की



■ राजीव भवन में बीएलए को दी गई ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ में शुरू हुए एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिविजन) अभियान को लेकर कांग्रेस ने अपनी रणनीति तेज कर दी है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमतरी ग्रामीण कार्यकारिणी की बैठक राजीव भवन धमतरी में एसआईआर ग्रामीण कांग्रेस प्रभारी लेखराम साहू की उपस्थिति में रखी गई। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना, पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा, एसआईआर महासमुन्द लोकसभा समन्वयक तारिणी चंद्राकर, प्रदेश संयुक्त महामंत्री पंकज महावर, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व दुग्ध महासंघ अध्यक्ष विपिन साहू, जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर, ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू उपस्थित थे।

बैठक में पार्टी द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट को एसआईआर के संबंध में ट्रेनिंग दी गई। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में चल रही एसआईआर गतिविधियों की सतत मॉनिटरिंग करने कहा साथ ही कहा गया कि किसी भी मतदाता का नाम षड्यंत्रपूर्वक न हटाया जाए। पात्र लोगों के नाम सूची में जोड़ने पर फोकस किया जाए। उन्होंने प्रक्रिया को तीन महीने के लिए आगे बढ़ाने की मांग की। कांग्रेस का कहना है कि इस समय राज्य में धान खरीदी चल रही है और किसान व्यस्त हैं। ऐसे में एसआईआर की समय सीमा बढ़ाई जाए। मौके पर मास्टर ट्रेनर राजेश साहू, गिरीश साहू, अरविन्द दोशी, बृजेश जगताप, राजेन्द्र देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## किसानों की मेहनत को मिलेगा पूरा सम्मान : इंदर



■ पूर्व विधायक ने बागतराई सोसाइटी में धान खरीदी का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्राथमिक कृषि साख समिति बागतराई में धान खरीदी कार्य का शुभारंभ पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित के संरक्षण और उत्थान के लिए लगातार सार्थक कदम उठा रही है। धान खरीदी व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी व सरल बनाने का प्रयास किया गया है, जिससे किसानों को समय पर उचित मूल्य प्राप्त हो सके। सरकार द्वारा 3100 प्रति क्विंटल की दर पर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। उन्होंने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसानों की मेहनत का पूरा सम्मान होगा, उनकी फसल सुरक्षित और समय पर खरीदी जाएगी। रांवा मण्डल अध्यक्ष अमन राव ने कहा कि किसान देश और समाज की रीढ़ है। सरकार द्वारा लागू की गई नई खरीदी प्रणाली से पारदर्शिता बढ़ी है और किसानों को लाभ मिल रहा है। किसान हमारे परिवार की तरह हैं। उनकी परेशानी और आवश्यकता को प्राथमिकता के साथ समाधान तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है। मौके पर मुरारी यदु प्राधिकृत अधिकारर, देहुति साहू जनपद सदस्य, चन्द्रेश चांद सरपंच मड़ाईभाठा, पीतेश टंडन सरपंच कुर्रा, पुष्पा ध्रुव सरपंच बागतराई, परमेश्वर साहू पूर्व अध्यक्ष सोसाइटी, माधव साहू, प्रभुराम, महेश साहू, नरेन्द्र साहू समेत अनेक किसान मौजूद थे।

## आनंद मेला में राउत नाचा कदई डांग रहे आकर्षण का केंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला आमदी एवं पीएमश्री शासकीय उन्नयन प्राथमिक शाला आमदी में बाल दिवस के अवसर पर एफएलएन मेला और आनंद मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चाचा नेहरू के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन एवं बाल-प्रेम को याद करते हुए की गई। प्रधानपाठक लक्ष्मीकुमार साहू ने ने बताया कि नेहरू बच्चों से अत्यधिक प्रेम करते थे, इसी कारण बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कहकर संबोधित करते हैं।

पूरे राज्य में 14 नवंबर को बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मेला आयोजित किया गया, जिसका थीम था करके देखबो, सीख के रहिबो। प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न स्टॉल सजाए गए, जिनमें टीएलएम के माध्यम से अवधारणाओं को सरल रूप में प्रस्तुत किया गया। पालक भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देखा।

माध्यमिक शाला प्रांगण में आनंद मेला का भी आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों द्वारा राउत नाचा, कदई डांग सहित स्थानीय संस्कृति के प्रतीक आकर्षण का केंद्र रहे। खाद्य स्टॉलों में ढोकला, भेल, गुपचुप, पकोड़े, पोहा, दाबेली आदि रखे गए, जिनका बच्चों ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया। कार्यक्रम में शिक्षक सोमदत्त साहू, उमेन्द्र ठाकुर, पूरन कंवर, डोमेन्द्र साहू, जितेंद्र यादव, पालक निर्मला साहू देवबती, सेवती, तिलेश्वरी उपस्थित रहे।

## नारी एवं साइबर सुरक्षा पर हुई कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय नवीन महाविद्यालय कंडेल में नारी सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता उपनिरीक्षक रामसिंग साहू, उपनिरीक्षक सरिता नेताम एवं आरक्षक कमला सिन्हा थे। अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध, सोशल मीडिया सुरक्षा, ओटीपी धोखाधड़ी, फर्जी प्रोफाइल, साइबर बुलिंग तथा ऑनलाइन वित्तीय ठगी से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। नारी सुरक्षा से संबंधित प्रमुख धाराओं एवं आपातकालीन सेवाओं के बारे में बताया। प्राचार्य डॉ रविश दास ने कहा कि वर्तमान समय में जिस तरह से ऑनलाइन ठगी एवं साइबर क्राइम हो रहे हैं, उसके मद्देनजर इस प्रकार का जागरूकता कार्यक्रम होना युवा हित में प्रासंगिक है। कार्यक्रम अधिकारी पीताम्बर सिन्हा ने कहा कि हमारा देश वर्तमान में जिन चुनौतियों से गुजर रहा है। उससे पार पाने प्रत्येक नागरिक को जागरूक एवं सक्रिय होना आवश्यक है। मौके पर सहायक प्राध्यापक लक्ष्मीनारायण सिन्हा, लक्ष्मण सेन, संजय पवार, कमलेश दीवान, नूतन दीवान, अतिथि व्याख्याता डॉ संगीता गोयल, डॉ ऋचा शुक्ला, सविता लहरे, टिकेंद्र वर्मा, मानू नारायण, टिकेश्वर साहू, राधिका साहू मौजूद थे।

## पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम को लेकर पुलिस हाई अलर्ट पर

■ वीवीआईपी आगमन को लेकर एसपी ने ली सुरक्षा समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



बुधवार को आयोजित पीएम किसान सम्मान कार्यक्रम को लेकर पुलिस हाई अलर्ट मोड पर आ गई है। कार्यक्रम में वीवीआईपी आगमन को लेकर एसपी ने अधिकारियों की सुरक्षा समीक्षा बैठक लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि कार्यक्रम बुधवार को एकलव्य खेल मैदान में आयोजित है। योजना की 21वीं किस्त अंतर्गत किसानों को सम्मान राशि का हस्तांतरण कार्यक्रम में कई उच्च स्तरीय विशिष्ट अतिथियों के धमतरी आगमन को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा तैयारियों और अधिक मजबूत किया गया है। कार्यक्रम में आने वाले सभी वीवीआईपी व गणमान्यों की सुरक्षा एवं यातायात की समग्र व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने मंगलवार को सुरक्षा समीक्षा बैठक ली। इस दौरान एसपी ने हेलीपेड सुरक्षा, कारकेड व्यवस्था, कार्यक्रम सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, रूट डायवर्सन, पार्किंग व्यवस्था, व्हीव्हीआईपी की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन व बल एवं संसाधन प्रबंधन के संबंध में निर्देश दिये।

समीक्षा बैठक में एएसपी, सीएसपी, डीएसपी, एसडीओपी समेत सभी राजपत्रित अधिकारी सहित थाना व चौकी प्रभारी उपस्थित थे।

### यातायात व्यवस्था के लिए रूट चार्ट जारी

सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुलिस द्वारा रूट चार्ट जारी किया गया है। वहीं आने-जाने वाले वाहनों के लिए निर्धारित पार्किंग स्थलों की स्पष्ट जानकारी प्रदान की गई है जिससे कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हो पायेगी।

### गश्त व चेकिंग के सख्त निर्देश

कार्यक्रम की सुरक्षा को नजर में रखते हुए एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों के होटल, ढाबा, लॉज, किराये के कमरे, बस स्टैण्ड, रेल्वे स्टेशन क्षेत्र में सघन चेकिंग करने निर्देशित किया है। गुंडा-बदमाशों व असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखने को कहा है। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किये जाने की हिदायत दी है। इसके साथ ही थाना प्रभारियों को निगरानी सूची के बदमाशों की सत्यापन की कार्रवाई करने, देर रात तक संचालित होटलों, लॉज की जांच कर संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाने एवं फील्ड में सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए पेट्रोलिंग बढ़ाने के लिए कहा है।

## बिरसा मुंडा ने आदिवासी चेतना की मशाल जलाकर इतिहास की धारा बदल दी : डा. ध्रुव

■ 150वीं जयंती पर सुखराम नागे महाविद्यालय में हुई संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में बिरसा मुंडा स्वतंत्रता, संस्कृति और आदिवासी अस्मिता का प्रतीक विषय पर संगोष्ठी एवं विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रो. हितेशानंद ठाकुर ने कहा कि ब्रिटिश सरकार ने नई भू राजस्व नीति द्वारा आदिवासियों की खूंटी प्रथा (भूमि पर सामुदायिक अधिकार) समाप्त कर आदिवासियों की भूमि पर मालिकाना हक छीनकर भूमि मजदूर बना दिया। इंडियन फारेस्ट एक्ट ने जंगलों से अधिकार छीना एवं जमीदारों, सूदखोरों ने आदिवासियों का शोषण आरंभ किया। इन शोषणों के विरोध में बिरसा मुंडा ने अगवा दिशुम अगवा राज का नारा देते हुए उलगुलान आंदोलन प्रारंभ किया था।

डा. अश्वनी कुमार ध्रुव ने बताया कि बिरसा मुंडा ने अल्पायु में ही आदिवासी चेतना संस्कृति की मशाल जलाकर इतिहास की धारा बदल दी, इसलिए उन्हें धरती आबा भगवान का दर्जा दिया गया।

प्रो. आरआर मेहरा ने कहा कि आदिवासी अस्मिता का अर्थ अपनी पहचान अधिकार और सम्मान की रक्षा है। प्रो. लोकेश्वरी राठिया ने कहा कि आदिवासी प्रकृति के संरक्षक हैं। डा. रमेश कुमार देवांगन ने कहा कि आदिवासी प्राचीन सभ्यता के निर्माता हैं। प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने कहा कि नगरी सिहावा क्षेत्र आदिवासी बहुल क्षेत्र है। हमारा महाविद्यालय इस क्षेत्र की आदिवासी संस्कृति एवं प्रतिभाओं को मंच देने के लिये सदैव तत्पर रहा है। इस अवसर पर भाषण, निबंध प्रतियोगिता तथा रेला पाटा नृत्य हुआ।

भाषण में प्रथम दुलारी ध्रुव बीए तृतीय सेमे. द्वितीय सरला बीएससी तृतीय वर्ष तथा निबंध में प्रथम भूमिजा साहू बीएससी तृतीय वर्ष, द्वितीय सरला साहू तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. लोकेश्वरी राठिया ने किया। इस अवसर पर रासेयो के तत्वावधान में महाविद्यालय से छिपली ग्राम तक जनजागरूकता रैली निकाली गई। छात्र-छात्राओं ने बिरसा मुंडा, गुंडाधुर, शहीद वीरनारायण सिंह बनकर आदिवासी वेशभूषा धारण कर सम्मिलित हुए।

## बाल दिवस पर हुई भाषण, कविता, नृत्य स्पर्धा




**धमतरी।** ज्ञान अमृत इंग्लिश हाईस्कूल में बाल दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। मुख्य अतिथि दीक्षा खरे अध्यक्ष बाल एवं शिशु सदन ज्ञान अमृत स्कूल, विशेष अतिथि नवीन नायडू उपाध्यक्ष बाल एवं शिशु सदन, अंजलि गुप्ता सह कोषाध्यक्ष बाल एवं शिशु सदन थे। मंच पर प्राचार्य विनोद पांडेय एवं शिक्षक घनश्याम शर्मा मौजूद थे। बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा भाषण, कविता, भजन, नृत्य, खेलकूद के साथ आनंद मेला का आयोजन किया गया।

प्राचार्य विनोद पाण्डेय ने कहा कि बच्चे देश की असली शक्ति और विश्व का निर्माण करने वाले हैं। बाल दिवस हमें याद दिलाता है कि हमें अपने सपनों को महत्व देना चाहिए एवं अपने लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ना चाहिए। डिस्पोजल गेम में प्रथम निकिता बंसाली, द्वितीय कशिश पटेल, रस्साकस्सी में पवन एण्ड ग्रुप एवं भूमिका भारत एण्ड ग्रुप, रिंग बॉल में प्रथम नोहेन्द्र सोनकर, द्वितीय परिधि दीवान, व्हील बॉल में प्रथम आरवी खरे, ग्लास बॉल गेम में प्रथम अंकिता साहू एवं दिशा सोनकर द्वितीय रहे। मौके पर भुनेश्वरी देवांगन, ममता तिवारी, कल्पना माने, मनीषा अंकमवार, ज्योति सोनी, हेमलता देवांगन, गायत्री दुबे, नेहा सिन्हा, गायत्री देवांगन, प्रिया शर्मा, अल्फिया शेख, अनोशी शेख, पालय नामदेव, नीलम साहू, दीपिका पटेल, मोनिका बांधे, ज्ञानेश्वर धीवर, जगदीश सोनी, आदित्य दुबे, शैलेन्द्र साहू, राजेन्द्र साहू समेत छात्र-छात्राएं एवं पालकगण उपस्थित थे। मंच संचालन रूमानी कुरैशी एवं आभार प्रदर्शन शीतल सोनी ने किया।

## जिले में औद्योगिक विकास को मिलेगी नई गति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

### श्यामतराई एवं जी-जामगांव औद्योगिक क्षेत्र में भूखण्ड आवंटन की प्रक्रिया जारी

जिले में औद्योगिक विकास को नई दिशा देने तथा निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से धमतरी-रायपुर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर अंतर्गत विकसित दो नए औद्योगिक क्षेत्र-श्यामतराई एवं जी-जामगांव में औद्योगिक प्रयोजन हेतु भूमि आवंटन की ऑनलाइन प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। इसी क्रम में कलेक्टर की अध्यक्षता में एमएसएमई कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें उद्यमियों को योजना एवं आवंटन प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यशाला एवं बिडिंग के प्रथम चरण में निवेशकों की ओर से विशेष उत्साह देखा गया। परिणामस्वरूप औद्योगिक क्षेत्र श्यामतराई में लगभग शत-प्रतिशत भूखण्डों के आवंटन प्रस्ताव स्वीकृत कर लिए गए हैं। वहीं जी-जामगांव औद्योगिक क्षेत्र में आधे से अधिक भूखण्डों के लिए उद्योग स्थापना संबंधी प्रस्ताव स्वीकृत हुए हैं, जिससे जिले में औद्योगिक गतिविधियों की तेजी से विस्तार का मार्ग प्रशस्त हुआ है। शेष भूखण्डों के आवंटन के लिए द्वितीय चरण की बिडिंग प्रक्रिया 17 नवम्बर 2025 से प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक निवेशक निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में औद्योगिक क्षेत्रों के विकास, आधारभूत संरचना के विस्तार तथा निवेश-अनुकूल वातावरण के निर्माण से धमतरी जिला नए निवेशकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। इससे जिले में निवेश को बढ़ावा मिलने के साथ ही रोजगार के नए अवसर भी तेजी से सृजित हो रहे हैं।


अन्नदाता की मेहनत.. देश का गौरव
प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि
अन्नदाता की 21 वीं किस्त के तहत किसानों को
सम्मान राशि का हस्तांतरण
कार्यक्रम में पधार रहे समस्त अतिथियों का
शत-शत
अभिनंदन
मा. नरेन्द्र मोदी जी
प्रधानमंत्री
मा. विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
मा. शिवराज सिंह चौहान
केन्द्रीय कृषि मंत्री, ग्रामीण विकास एवं कृषि व किसान कल्याण भारत सरकार
धान का कटोरा
धमतरी
धान के अलावा दलहन-तिलहन
विकसित धमतरी के अग्रणी किसानों का
वंदन.. अभिनंदन
एक अधिकारी धमतरी जिला छत्तीसगढ़


अन्नदाता की मेहनत, देश का गौरव
पीएम किसान सम्मान निधि
की 21वीं किस्त के तहत किसानों को
सम्मान राशि का हस्तांतरण
कार्यक्रम में पधार रहे सभी अतिथियों का
मा.नरेन्द्र मोदी जी
प्रधानमंत्री भारत सरकार
मा. विष्णु देव साय जी
मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
मा. शिवराज सिंह चौहान जी
केन्द्रीय कृषि मंत्री भारत सरकार
शत्-शत् अभिनंदन
---:: कार्यक्रम ::---
19 नवंबर 2025, बुधवार, दोपहर 12 बजे
डॉ. शोभाराम देवांगन शा.उ.मा.वि. खेल मैदान धमतरी (छ.ग.)
श्री तोखन साहू
केंद्रीय मंत्री
डॉ. रमन सिंह
विस अध्यक्ष छग
श्री विजय शर्मा
उपमुख्यमंत्री छग
श्री अरुण साव
उपमुख्यमंत्री छग
टंकराम वर्मा
प्रभारी मंत्री धमतरी
रामविचार नेताम
मंत्री कृषि विकास छग
केदार कश्यप
वन मंत्री छग
दयालदास बघेल
मंत्री खाद्य, नान छग
लखनलाल देवांगन
मंत्री आबकारी छग
श्यामबिहारी जायसवाल
स्वास्थ्य मंत्री छग
श्री ओ.पी. चौधरी
वित्त मंत्री छग
लक्ष्मी राजवाड़े
मंत्री महिला-बाल विकास छग
गजेन्द्र यादव
मंत्री स्कूल शिक्षा छग
गुरु खुशवंत साहेब
मंत्री कौशल विकास छग
राजेश अग्रवाल
मंत्री पर्यटन-संस्कृति छग
रूपकुमारी चौधरी
सांसद महासमुंद लोस क्षेत्र
भोजराज नाग
सांसद कांकेर लोस क्षेत्र
अजय चंद्राकर
विधायक कुरूद विस
अंबिका मरकाम
विधायक सिहावा विस
ओंकार साहू
विधायक धमतरी विस
रामू रोहरा
महापौर ननि धमतरी
अरूण सार्वा
अध्यक्ष जि.पं. धमतरी
नेहरूराम निषाद
अध्यक्ष छग पि.व.आयोग
विकास मरकाम
अध्यक्ष औषधि पा.बोर्ड छग
की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में आप सादर आमंत्रित हैं।
निवेदक : कृषि विभाग एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, छत्तीसगढ़ शासन
विनीत - उपसंचालक, कृषि विभाग धमतरी (छत्तीसगढ़)